मंगलवार
16 मई, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



49 किग्रा गांजा के साथ गया स्टेशन पर भोजपुर के दो छात्र गिरफ्तार, हुई जेल 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

कर्नाटक का मुख्यमंत्री कौन? डीके शिवकुमार या सिद्धारमैया, फैसला आज

- कांग्रेस नेता सिद्धारमैया पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मिलने दिल्ली पहुंचे
- पेट में संक्रमण होने की बात कह डीके शिवकुमार रद्द किया दिल्ली दौरा

एजेंसी/बेंगलुरु

कर्नाटक के अगले मुख्यमंत्री के नाम को लेकर कांग्रेस में माथापच्चा जारी है। कांग्रेस नेता सिद्धारमैया पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मिलने के लिए दिल्ली पहुंच चुके हैं। इसी बीच सीएम की रेस में शामिल डीके शिवकुमार ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सिद्धारमैया के बहुमत के दावे पर कहा कि मैं कोई संख्या का दावा नहीं करूंगा। जो कांग्रेस की संख्या है वही मेरी संख्या है। वहीं कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार को भी दिल्ली से



बुलावा आया था लेकिन अचानक पेट में संक्रमण होने की बात कह उन्होंने अपना दौरा रद्द कर दिया।

इस बीच डीके ने ये भी कहा कि सभी विधायकों ने पार्टी आलाकमान पर फैसला छोड़ा है। जब कांग्रेस के विधायक छोड़कर गए तब भी मैंने उम्मीद नहीं छोड़ी। लड़कर कांग्रेस को इस मुकाम तक पहुंचाया। बीते पांच सालों में मेरे साथ क्या-क्या हुआ उसका खुलासा सही समय पर करूंगा। उन्होंने कहा कि हमने एक सिंगल लाइन रिजॉल्यूशन पास किया है। हमारे पास 135 विधायक हैं, सभी ने एक स्वर में मामला (मुख्यमंत्री नियुक्त करने का) पार्टी आलाकमान पर छोड़ा है। मेरा मकसद कांग्रेस पार्टी के जरिए कर्नाटक की सेवा करना है। शिवकुमार ने कहा कि मैं एक अकेला आदमी हूं, मैं एक बात में विश्वास करता हूं कि साहस वाला एक अकेला आदमी बहुमत बन जाता है। जब 2019 में हमारे सभी विधायकों ने पार्टी छोड़ दी थी, तो भी मैंने हार नहीं मानी थी।

31 साल पहले देश में लगा था बजरंग दल पर प्रतिबंध

कर्नाटक में कांग्रेस ने जो घोषणापत्र में वादे किए, उसमें एक वादा बजरंग दल पर सख्ती करके निर्णायक फैसला लेने का भी है। नई सरकार के गठन के साथ ही पहली कैबिनेट में बजरंग दल पर कड़ी सख्ती करने की तैयारियों को अमलीजामा पहनाए जाने की शुरूआत की जाएगी। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि बजरंग दल पर सख्ती किए जाने या प्रतिबंध लगाने की तैयारी के साथ शुरू की जाने वाली कवायद का असर उत्तर भारत में किस तरह होगा, इसे भी कांग्रेस और भाजपा अपने नजरिए से न सिर्फ देख रही हैं, बल्कि उसकी बड़ी रणनीतियां भी बना रही है। माना यही जा रहा है कि बजरंग दल पर अगर कर्नाटक में पहली कैबिनेट के साथ ही कोई कड़ी कार्रवाई की जाती है, तो इसका असर उत्तर भारत में देखने को मिलेगा। हालांकि 31 साल पहले कांग्रेस की सरकार ने ही पूरे देश में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाया था।

बिहार में 1.70 लाख पदों पर होगी शिक्षकों की भर्ती

दो से तीन दिन में निकाला जाएगा विज्ञापन

- प्राथमिक विद्यालय के लिए 79943, माध्यमिक के लिए 32916, हायर सेकंडरी के लिए 57602 पद
- अगस्त तक होगी परीक्षा, दिसंबर तक जारी होगा रिजल्ट

केटी न्यूज/पटना

बिहार लोक सेवा आयोग के जरिए बिहार में टीचर भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बीपीएससी के पटना स्थित दफ्तर में चेयरमैन अतुल प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ये बात बताई। अतुल प्रसाद ने कहा एक नया टास्क मिला है। बीपीएससी को प्राथमिक विद्यालय के लिए 79943, माध्यमिक के लिए 32916, हायर सेकंडरी के लिए 57602 समेत कुल 170461 पदों पर टीचर की भर्ती करनी है। बिहार सरकार की ओर से टीचर नियुक्ति के लिए अनुशंसा की गई है। इसके पाठ्यक्रम और संरचना के बारे में वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दिया गया है। बीपीएससी कार्यालय में चेयरमैन अतुल प्रसाद की ओर ने कहा कि 2 से 3 दिन में विज्ञापन निकाला जाएगा। वहीं प्राथमिक विद्यालय के लिए इंटर पास के साथ सीटेट और डिप्लोमा या बीएड होना चाहिए। वहीं माध्यमिक विद्यालय के लिए ग्रेजुएशन के साथ एसटेट और बीएड होना चाहिए।

हायर सेकेंडरी के लिए पोस्ट ग्रेजुएट+एसटीईटी+ बीएड पास होना चाहिए। अतुल प्रसाद ने कहा कि अगस्त तक परीक्षा ले ली जाएगी। इस साल के अंत तक रिजल्ट भी घोषित कर दिया जाएगा।

निगेटिव मार्किंग

परीक्षा में निगेटिव मार्किंग भी होगी। तुक्केबाजी लगाने वालों पर अंकुश लगाने के लिए निगेटिव मार्किंग रखी जाएगी। तुक्केबाजी से बच्चों का भविष्य खराब हो सकता है, इसलिए नेगेटिव मार्किंग रखा गया है। प्रश्न न हल्का होगा और न ही बहुत कठिन। अभ्यर्थियों को तैयारी करने के लिए पर्याप्त समय दिया जायेगा। अगर थोड़ा भी कोई ठीक से पढ़ा रहा होगा तो दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

दो भाषा कॉमन होगी

सभी पदों के लिए एक साथ आवेदन लिए जायेंगे। एक साथ तीनों पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। अगर कोई योग्य कैंडिडेट है तो अलग-अलग तिथि पर तीनों एग्जाम में बैठ सकते हैं। भाषा का पेपर क्वालीफाई नेचर का है। भाषा में दो सेक्शन रहेगा। अंग्रेजी जो कॉमन है, दूसरा हिंदी, उर्दू, बंगला। सभी एग्जाम एमसीक्यू बेस्ड रहेगा।

ये होगा प्रश्न पत्र का पैटर्न

100 नंबर के प्रश्न रहेंगे। 25 नंबर का इंग्लिश का रहेगा और 75 नंबर का हिंदी, उर्दू या बांग्ला रहेगा। 30 नंबर पास करने के लिए लाना होगा। वहीं मेन पेपर 150 नंबर का होगा। मेरिट लिस्ट अलग अलग बनेगा। मेन पेपर में 100 नंबर का प्रश्न तो नॉर्मल होंगे, बाकी बचे 50 नंबर का जो होगा वो इंटेलिजेंस का टेस्ट होगा। ये 50 नंबर विषय ज्ञान से हटकर रहेंगे।

खबरें फटाफट

पटना में युवक की गोली मारकर हत्या

पटना। पटना में एक फिर अपराधियों ने पुलिस को चुनौती दी है। बदमाशों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी है। घटना पत्रकार नगर थाना क्षेत्र ओल्ड बाईपास इलाके की है। मृतक की पहचान भाला राय के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस गोली से घायल युवक को अस्पताल लेकर पहुंची। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि भोला राय के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुरानी रंजिश को लेकर वारदात को अंजाम देने की आशंका जताई जा रही है।

बिहार के कुछ जिलों में भीषण गर्मी से मिलेगी राहत

पटना। बिहार के कुछ जिलों में भीषण गर्मी का प्रकोप झेल रहे लोगों को जल्द ही राहत मिलने वाली है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, अगले 24 घंटे के अंदर पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, सुपौल, अररिया, किशनगंज में बिजली चमकने, मेघ गर्जन के साथ वर्षा की संभावना है। वहीं राज्य के 20 जिलों में 17 और 18 मई को चक्रवात मोका के असर को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इससे पहले रविवार रात कुछ जिलों में बारिश हुई। हालांकि लू का असर तीन जिलों रोहतास, भभुआ और औरंगाबाद में रहेगा। पटना और आसपास के क्षेत्रों में आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान करेगी।

जनता के दरबार में मुख्यमंत्री: कार्यक्रम में शामिल हुए नीतीश कुमार

सीएम से शिकायत... वृक्षारोपण में हुआ भारी घोटाला, जांच कराएं

- राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 83 लोगों की सीएम ने सुनी समस्याएं
- संबंधित विभागों के अधिकारियों को समुचित कार्रवाई का दिया निर्देश

केटी न्यूज/पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर में आयोजित जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए। इसमें उन्होंने राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 83 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनता दरबार में आए एक फरियादी ने जल-जीवन-हरियाली कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण में भारी घोटाला होने की बात कह सभी को सकते में डाल दिया। समस्तीपुर से आए इस फरियादी ने मुख्यमंत्री के सामने ही पूरी वृक्षारोपण कार्यक्रम की पूरी पोल खोल कर रख दी। फरियादी ने कहा कि वृक्षारोपण में बड़े स्तर पर घोटाला हुआ है। इसकी जांच कराई जाए। इसके बाद सीएम नीतीश ने ग्रामीण विकास विभाग के सचिव को फोन लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि समस्तीपुर से आए इस शख्स ने वृक्षारोपण में बड़े स्तर पर घोटाले की शिकायत की है। इस मामले को देखिए। सुपौल से आए एक शख्स ने नीतीश कुमार से शिकायत की कि उन्हें अब तक आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। बीडीओ काफी पहले ही जांच कर लिए, लेकिन अब तक पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। इसके बाद सीएम नीतीश ने ग्रामीण विकास विभाग के सचिव को फोन लगाया। मुख्यमंत्री ने



कहा कि अरे भाई यह आए हैं सुपौल से। इन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। अधिकारी ने जवाब दिया कि इन्हें पीएम आवास योजना के लिए चिन्हित नहीं किया गया है। इस पर नीतीश कुमार ने कहा कि आप अपने राज्य के आवास योजना का लाभ दिलाएं।

शेखपुरा से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री से जमीन के परिमार्जन को लेकर शिकायत दर्ज कराया। इसके बाद सीएम नीतीश ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव को फोन लगाकर कहा कि इसे देखिए। इसके अलावे दाखिल खारिज के दो अन्य केस आए। शिकायत सुनकर मुख्यमंत्री ने कार्रवाई करने का आदेश दिया। शेखपुरा जिले से जमीन संबंधी तीन केस के आने पर मुख्यमंत्री चौंके। नीतीश कुमार ने विभाग के प्रधान सचिव से कहा कि हम देख रहे हैं कि वहां का कई केस आया है। क्या हो रहा है..देख लीजिए।

तीन साल पहले पति की हुई मौत अब तक नहीं मिली कोई सुविधा

मुंगेर जिले से आयी एक महिला ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे पति नगर निगम में कार्यरत थे, तीन साल पहले उनकी मृत्यु हो गई, लेकिन किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं मिल पायी है। मुख्यमंत्री ने नगर विकास एवं आवास विभाग को जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

जमीन बंदोबस्ती के बाद भी नहीं कटती रसीद: अररिया जिले से आए एक फरियादी ने गुहार लगाते हुए मुख्यमंत्री से कहा कि जमीन बंदोबस्ती के बाद भी हम महादलित परिवारों की जमीन की रसीद नहीं काटी जाती है, जिससे हमेशा भगाए जाने का संशय बना रहता है। मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ के बचे हुए निर्माण कार्य का लिया जायजा

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को जेपी गंगा पथ परियोजना के बचे हुए निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने खाजेकलां घाट और कंगन घाट जाकर जेपी गंगा पथ के बचे हुए निर्माण कार्य को देखा और कार्य प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने जेपी गंगा पथ के लिंक पथों के निर्माण कार्यों की भी जानकारी ली। पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि इसका निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जेपी गंगा पथ के विभिन्न घाटों से कनेक्टिविटी हो जाने से लोगों का आवागमन सुगम होगा।



पटना के नौबतपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बागेश्वर धाम वाले बाबा ने लगाया दिव्य दरबार

पं. धीरेंद्र शास्त्री का ऐलान... बिहार से ही जलेगी हिंदू राष्ट्र की ज्वाला

केटी न्यूज/पटना

पटना के नौबतपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बागेश्वर धाम वाले बाबा पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सोमवार को दिव्य दरबार लगाया और लोगों के नाम की पर्चियां निकाल उनकी समस्या का समाधान बताया। इस दौरान बाबा बागेश्वर ने खुले मंच से यह ऐलान किया कि बिहार से ही हिंदू राष्ट्र की ज्वाला जलेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विदेशों में भी लोग सीता राम कहते हैं। एक दिन ऐसा आएगा जब भारत में सबको सीता राम कहना होगा। बाबा ने मंच से कहा- बिहार में का बा? फिर उन्होंने खुद ही इसका जवाब दिया बिहार में बागेश्वर बाबा बा।





धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि बिहार के लोग पिछड़े हैं। लेकिन मेरा मानना है कि बिहार के लोग पिछड़े नहीं हैं। यहां के लोग तो भक्ति से भरे हैं। बाबा ने कहा कि बिहार को समझना है तो यहां कुछ दिन बिताना होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे बालाजी ने हमें शक्ति दी है कि भगवान को नहीं मानने वालों, संतों को नहीं मानने वाले और उन्हें पाखंडी बताने वालों को करारा जवाब दे सकें।

इससे पहले रविवार की रात को भी बागेश्वर बाबा ने हिन्दू राष्ट्र की बात कही थी। दरअसल बाबा बागेश्वर रविवार देर रात फेसबुक लाइव पर आए थे. इस दौरान उनसे एक यूजर ने सवाल किया कि भारत कैसे हिन्दू राष्ट्र बनेगा। तब धीरेंद्र शास्त्री ने जवाब दिया- जिस दिन देश के सनातनी हिन्दू अपने वोट का महत्व जान जाएंगे उस दिन हिन्दू राष्ट्र बन जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह पेपर पर नहीं बल्कि लोगों के हृदयों में हिन्दू राष्ट्र देखना चाहते हैं।

बिहार में अगला दरबार गया में लगेगा: पं. धीरेंद्र शास्त्री का बिहार में अगला दरबार गया में लगेगा। बाबा 27 सितंबर को दरबार लगाएंगे। यहां हनुमंत कथा भी होगी। उन्होंने कथा वाचन के दौरान कहा कि अब हम जाएंगे गया फिर आएंगे पटना। आपके दिल हनुमान जी की भक्ति कभी न चाहिए घटना। इस अंदाज में बाबा ने गया में अपने कार्यक्रम का एलान किया।

खबरें फटाफट

उच्चकों ने महिला का मोबाइल व पैसे उड़ाए

जहानाबाद। मखदुमपुर में एक बार फिर चोरी की वरदात सामने आई है। मखदुमपुर स्टेशन पर उच्चकों ने दिनदहाड़े एक महिला के बैग से मोबाइल और करीब चार हजार रुपये उड़ा लिया। दरअसल मखदुमपुर बाजार स्थित लडौआ गांव निवासी गुड़िया कुमारी मखदुमपुर स्टेशन से गया जाने वाली ट्रेन पर चढ़ी। ट्रेन खुलने के बाद जब उन्होंने अपना मोबाइल ढूंढना शुरू किया तो गायब मिला। पर्स की छानबीन के बाद पता लगा कि पर्स से चार हजार रुपये भी गायब हैं। गया पहुंच कर फोन पर परिजनों को इस बात सूचना दी। वहीं उनके भाई सुबोध कुमार ने घटना की सूचना देते हुए स्थानीय प्रशासन और रेलवे प्रशासन से मखदुमपुर स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। ताकी ऐसी घटनाओं पर नकेल कसा जा सके।

तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

सासाराम। सोमवार शाम लगभग चार बजे एक बाइक सवार युवक की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। डेहरी नगर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड हुई। युवक परिजनों के अनुसार डालमियानगर से डेहरी की जा रहा था। उसी क्रम में स्टेशन रोड में तेज गति से आ रही बस ने भट्ठा मोड़ के समीप टक्कर मार दी। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घायल युवक को अनुमंडलीय अस्पताल लेकर गई। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक की पहचान डालमियानगर एस ब्लॉक क्वार्टर 82 के निवासी वेद प्रकाश के बेटे आदित्य कुमार उर्फ पप्प के रूप में की गई। पुलिस ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। जिसके बाद परिजन आनन-फानन में अनुमंडलीय अस्पताल पहुंच गए, सभी का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक आदित्य कुमार आईटीआई कर रहा था। पुलिस के अनुसार परिजनों द्वारा अभी तक किसी प्रकार की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

1000 की आबादी पर दो या इससे कम मरीज मिलने पर टीबी मुक्त होंगे पंचायत

- राज्य सरकार ने जारी की अधिसूचना, जिला स्तर पर तेज हुई कवायद

केटी न्यूज/बक्सर



राज्य सरकार द्वारा जिलों के पंचायतों को टीबी मुक्त अभियान के शुभारंभ के बाद बक्सर में भी जिला स्तर पर कवायद तेज कर दी गई है। हालांकि, पायलट प्रोजेक्ट के तहत जिले के तीन पंचायतों को टीबी मुक्त करने की पहल बीते वर्ष ही शुरू कर दी गई थी। साथ ही, सभी प्रखंडों के एक-एक गांव का चयन कर उस पर कार्य भी चल रहा था। लेकिन, अब राज्य सरकार ने सभी पंचायतों को टीबी मुक्त करने का निर्णय लिया है। जिसके तहत पूर्व के प्रभाविक पंचायतों का चयन किया जाएगा। चिन्हित पंचायतों में प्रति एक हजार जनसंख्या पर 50 संदिग्धों की खोज होगी। मरीज मिलने पर प्रतिवर्ष उस पंचायत में अभियान चलाया जाएगा। वहीं, प्रति एक हजार की आबादी पर दो अथवा इससे कम मरीज मिलने पर उक्त पंचायत को टीबी मुक्त घोषित किया जाएगा। जिसके लिए पंचायत से लेकर जिला स्तर की टीम समीक्षा करने के बाद ही सत्यापित करेगी।

ग्राम पंचायतों द्वारा किया जाएगा दावा : जारी अधिसूचना के अनुसार टीबी मुक्त पंचायत के लिए ग्राम पंचायतों द्वारा हर वर्ष जनवरी माह के पहले पखवाड़े में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के सदस्य, एएनएम, सीएचओ तथा प्रखंड स्तरीय अधिकारी टीबी मुक्त पंचायत के लिए तय पूर्वापेक्षित संकेतकों के आधार पर आकलन कर दावा तैयार करेंगे। जिसके बाद प्रखण्ड पंचायत सभी पात्र (योग्य) ग्राम पंचायतों के दावों को पूर्वपक्षित संकेतकों सहित विहित प्रपत्र में जिला स्वास्थ्य समिति (यक्ष्मा) को अग्रसारित करेगी। तत्पश्चात जिला स्तरीय टीम उन दावों के आधार पर सत्यापन करेगी। जिसमें रिकार्ड रिव्यू, आशा, एएनएम, सीएचओ, एसटीएस आदि का इन्टरव्यू एवं रोगी का साक्षात्कार शामिल होगा। जिला स्तरीय टीम में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी या उनके प्रतिनिधि, सिविल सर्जन, जिला संचारी रोग पदाधिकारी, जिला पंचायत के प्रतिनिधि, इन्डियन मेडिकल एसोशिएसन, आईएपीएसएम के प्रतिनिधि सदस्य शामिल होंगे।

पंचायतों के सहयोग से टीबी उन्मूलन की दिशा में होंगे कार्य

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया, टीबी मुक्त पंचायत पहल का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों के सहयोग से टीबी उन्मूलन की दिशा में कार्य करना है। जिसके तहत पंचायती राज संस्थाओं का सशक्तीकरण ताकि वे टीबी की समस्याओं को बेहतर ढंग से समझ कर आकलन कर सकें। स्थानीय व्यवस्थानुसार समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठा सकें। पंचायतों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बनें तथा पंचायतों द्वारा टीबी उन्मूलन में किये गए प्रयासों की सराहना की जाए। इसके लिए ग्राम पंचायतों के साथ आयोजित बैठकों में जिला के संचारी रोग पदाधिकारी (टीबी) एवं जिला पंचायती राज्य पदाधिकारी अथवा उनके प्रतिनिधि द्वारा कार्यक्रम की रूप रेखा, गतिविधियां एवं स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा एवं गैर सरकारी सहयोगी संगठनों, टीबी चैम्पियन, निक्षय मित्र आदि महत्वपूर्ण हितग्रहियों के बीच परस्पर समन्वयन, संवाद एवं साझा दायित्व पर जानकारी दी जाएगी।

पंचायत सतर पर गतिविधियों का करना होगा आयोजन : ग्राम पंचायत स्तर पर टीबी मुक्त पंचायत घोषित करने के लिए पंचायत विकास योजना में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम संबंधित गतिविधियों को शामिल करना होगा। समुदाय को टीबी के लक्षणों, जांच एवं उपचार की निःशुल्क व्यवस्था, सरकार द्वारा टीबी रोगियों तथा ट्रीटमेन्ट सपोर्टर को दिये जाने वाले लाभों के बारे में जानकारी देनी होगी। जन आरोग्य समिति, ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों की मासिक व त्रैमासिक बैठकों में टीबी मुक्त पंचायत घोषित करने की शर्तों, संकेतकों पर प्रगति की समीक्षा एवं कठिनाईयों का समाधान हेतु प्रयास करना होगा। पंचायत एवं ग्राम स्तर पर टीबी मुक्त पंचायत घोषित करने के क्रम में पहचानी गई समस्याओं के समाधान के लिए उपलब्ध संसाधनों का मैपिंग एवं सदुपयोग के प्रयास करना है। साथ ही, समाज के सक्षम लोगों द्वारा टीबी रोगियों को फूड बास्केट प्रदान करने हेतु प्रेरित कर निक्षय मित्रों की संख्या में बढ़ोत्तरी करना होगा।

पूरी घूमने और 20-20 हजार रुपए की लालच में तस्करी करने के लिए हुए थे तैयार

49 किग्रा गांजा के साथ गया स्टेशन पर भोजपुर के दो छात्र गिरफ्तार, हुई जेल

- अप पुरुषोत्तम एक्सप्रेस की एसी बोगी से पकड़े गए दोनों, रिश्ते में है ममेरे-फुफेरे भाई
- डेहरी बस स्टैंड पर करनी थी गांजे की डिलवरी, चढ़े जीआरपी के हत्थे

केटी न्यूज/आरा/गया



आधुनिकता व चकाचौंध के इस दौर में ज्यादातर लोग बिना मेहनत के रुपए कमाना चाहता है। ऐसी परिस्थिति में जाने अनजाने में कुछ लोग अपराध की दुनिया में कदम रख देते हैं। यह स्थिति भोजपुर जिले में भी देखी जा रही है। जहां कम उम्र के कुछ छात्र व युवा रुपयों एवं अपने शौक पूरे करने की लालच में अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी के धंधे में फंसते जा रहे हैं। ताजा मामला गया व भोजपुर से जुड़ा है। जहां गया रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की एसी बोगी से गांजे की बड़ी खेप के साथ भोजपुर के दो छात्रों की गिरफ्तारी हुई है।

गिरफ्तार छात्रों में आयर थाना क्षेत्र के बलिगांव गांव निवासी स्व. वाल्मीकी पांडेय का पुत्र विपुल चंद्र पांडेय और अगिआंव बाजार थाने के लहठान निवासी विजय पाठक का पुत्र दीपक पाठक है। दोनों ममेरे-फुफेरे भाई बताये जा रहे हैं। विपुल चंद्र पांडेय बीए पार्ट वन और दीपक पाठक बीए पार्ट टू का छात्र है। दोनों आरा की एक कोचिंग संस्थान में भी पढ़ते हैं। जिन्हें रविवार को अप पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन की एसी बोगी से 49 किलो गांजे का साथ गिरफ्तार किया गया है। दोनों को उनके गांव के ही रमेश उर्फ विवेक सावन नाम के एक लड़के ने उड़ीसा स्थित पूरी घुमाने और 20-20 हजार रुपए देने का वादा किया था।

गया रेल पुलिस ने प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी है कि पटना रेल पुलिस की ओर से हाल में काफी मात्रा में गांजा बरामद करने के साथ तस्करों को गिरफ्तार किया गया था। उस मामले में बैकवर्ड और फारवर्ड लिंक के आधार पर रविवार को सूचना मिली कि उड़ीसा से गांजे की खेप पुरुषोत्तम ट्रेन से डेहरी लायी जा रही है। दो तस्करों की भी ट्रेन में होने की सूचना मिली। उस आधार पर गया रेल डीएसपी मुरारी प्रसाद के नेतृत्व में पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन में तलाशी शुरू की गयी। उस दौरान एसी कोच बी तीन और पांच से दो युवकों को पकड़ा गया। दोनों के पास दो ट्रॉली बैग से 49 किलो गांजा और दो मोबाइल बरामद किया गया। उसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। टीम में पुनि सुशील कुमार, गया रेल थानाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी, दारोगा पूर्णेन्दु कुमार सिन्हा और एएसआई रोहित कुमार सिंह शामिल थे।

कई राज्यों में है तस्करों का नेटवर्क : दोनों से पूछताछ करने पर पता चला कि ये पहली बार इस तरिके के काम में लगे थे। इनके द्वारा बताया गया कि राहुल एवं विवेक उर्फ सावन का नेटवर्क दिल्ली, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, झारखंड जैसे राज्यों में फैला है। इनके अन्दर काफी सारे लोग इस काम को करते हैं।

आरा में गांजा तस्कर रमेश से दोनों छात्रों की हुई थी डील

गया रेल पुलिस के अनुसार दोनों छात्रों की गांजा तस्कर रमेश उर्फ विवेक सावन से कोचिंग आने-जाने के दौरान आरा में मुलाकात हुई थी। तब रमेश उर्फ विवेक सावन द्वारा दोनों छात्रों को उड़ीसा की पूरी घुमाने का लालच दिया गया। कहा गया है वह दोनों को पूरी घूमा सकता है, लेकिन उसके एवज में दोनों को वहां से डेहरी तक कुछ सामान लाना होगा। पूरी घुमाने के साथ उसके द्वारा दोनों छात्रों को बीस-बीस हजार रुपए भी देने की बात कही। उस पर छात्र तैयार हो गये और 10 मई को ट्रेन से पूरी रवाना हो गए। घूमने के बाद पूरी में दोनों छात्रों को राहुल नामक युवक के जरिए गांजे की खेप और पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन की एसी बोगी का टिकट दिया गया। डेहरी में दोनों को गांजे की खेप बस स्टैंड खेप पहुंचानी थी। वहीं पर दोनों को बीस-बीस हजार रुपए देने की बात कही गई थी। इसके लिए दोनों ऑडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए विवेक सावन और राहुल से संपर्क में थे। इधर, रेल पुलिस के अनुसार दोनों छात्रों ने पूछताछ में बताया कि रमेश उर्फ विवेक सावन का नेटवर्क दिल्ली, हरियाणा, यूपी और झारखंड सहित अन्य राज्यों में है। उसके नेटवर्क में काफी लोग काम करते हैं।

एक नजर

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 03 पंचायत रोजगार सेवकों को डीएम ने किया सम्मानित

जहानाबाद। जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने सोमवार को मनरेगा योजना अंतर्गत जिले में नवचयनित मेटों के प्रभावी उपयोग हेतु जिला स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने मनरेगा योजना के कार्यान्वयन में श्रमिक व समूहों के माध्यम से रोजगार की मांग को प्रभावी बनाने, मांग के आधार पर आवंटित कार्य की ससमय सूचना मजदूर को देने तथा ससमय मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने में मेट की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मेट की मदद से मजदूरों को दैनिक टास्क आवंटित कर कार्यों का बेहतर पर्यवेक्षण, गुणवतापूर्ण परिसंपत्तियों का सृजन, कार्य स्थल की सुविधाओं तथा समय पर कार्यों की पूर्णता सुनिश्चित करने में मेट की अहम भूमिका है। विदित हो कि मनरेगा अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं के सुचारू रूप से कार्यान्वयन हेतु मेट के रूप में जीविका दीदियों का चयन किया गया है। इस अवसर पर मनरेगा योजना अंतर्गत वितीय वर्ष 2022-23 में विभिन्न सूचकांकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन पंचायत रोजगार सेवकों रविकांत सिन्हा (ग्राम पंचायत बढ़ौना), अमीरक कुमार (ग्राम पंचायत नारायणपुर), लीला कुमारी (ग्राम पंचायत दमुहां) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मनरेगा में अनुसूचित जाति की भागेदारी बढ़ाने हेतु ग्राम पंचायत सुलेमानपुर के पंचायत रोजगार सेवक श्री रवि प्रकाश को सम्मानित किया गया। कार्य पूर्णता में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु ग्राम पंचायत सेसम्बा के पंचायत रोजगार सेवक श्री प्रभात रंजन कुमार को प्रशस्ति पत्र दिया गया। ग्राम पंचायत सोहरैया के पंचायत रोजगार सेवक श्री उपेन्द्र कुमार को नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम एवं आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम में बेहतर प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी पंचायत रोजगार सेवकों को बेहतर प्रदर्शन करते हुए सभी सार्वजनिक चापाकलों के किनारे सोख्ता निर्माण एवं भवनों में छत वर्षा जल संचयन सरंचना निर्माण का निदेश दिया। जिला पदाधिकारी ने जिले में मनरेगा योजना अंतर्गत लगाये गये पौधों की उत्तरजीविता प्रतिशत अपेक्षा से कम होने पर चिंता व्यक्त करते हुए मृत पौधों के स्थान पर नये पौधे लगाने का निदेश दिया। उप विकास आयुक्त परितोष कुमार ने मनरेगा अंतर्गत योजनाओं के क्रियान्वयन की कार्य पद्धति की समीक्षा करते हुए बताया कि विभागीय निर्देश के अनुरूप उचित कार्य पद्धति अपनाते हुए कार्य करने से ही जहानाबाद जिला विगत नौ महीनों से राज्य में उच्च स्तर पर प्रदर्शन करता आ रहा है।




नशे में धुत चालक ने पईन में पलटा पिकअप ग्रामीणों ने बचाई जान, पुलिस कर रही जांच

जहानाबाद। जिले के पाली थाना क्षेत्र के काजीसराय इमलिया पथ पर उत्तरसेरथू डाक स्थान के पास एक पिकअप वैन असंतुलित होकर पइन में जा गिरा। जिसमें ड्राइवर नीतीश कुमार घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पाली बाजार तरफ से बहुत तेजी में एक पिकअप इमलिया मोड़ तरफ जा रहा था। इसी बीच उत्तर सेरथु डाक स्थान के पास उसका संतुलन बिगड़ गया और वह तेज आवाज के साथ एक गहरे पइन में जा गिरा। पइन में पिकअप के चारों चक्के ऊपर हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने दौड़कर ड्राइवर को किसी तरह बाहर निकाला। ग्रामीणों के अनुसार ड्राइवर नशे में धुत था। जिसे निजी क्लीनिक में इलाज किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार ड्राइवर का पहचान मुबारकपुर गांव निवासी विजय यादव के पुत्र नीतीश कुमार बताया जा रहा है। जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष बलवीर कुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंच मामले की जानकारी ली तथा दुर्घटना ग्रस्त गाड़ी के पास एक चौकीदार को ड्यूटी पर लगाया गया है।



चंदन कुमार सिंह को पांचवीं बार मिली जदयू के प्रदेश मुख्यालय प्रभारी की जिम्मेवारी

जहानाबाद। जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने चंदन कुमार सिंह को पुनः पांचवीं बार जदयू के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी (स्थापना) बनाया है। जदयू के वरीय नेता संजय सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि चंदन सिंह वर्ष 2013 से 2022 तक लगातार मुख्यालय प्रभारी पद पर बड़े ही कुशलता, पार्टी के प्रति आस्था श्राद्ध एवं निष्ठा के साथ पार्टी को मजबूत किया है। वो पार्टी के मजबूत स्तंभ हैं। प्रदेश स्तरीय राजनीतिक में काफी सक्रिय भूमिका निभाते हैं। इससे पहले भी कई जिलों के प्रभारी रहे है। चंदन सिंह को बधाई बाले जदयू पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश नारायण चंद्रवंशी, प्रदेश सचिव दिलीप कुशवाहा, वरीय नेता संजय सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ट प्रदेश उपाध्यक्ष अरमान अहमद, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमिला कुशवाहा, कुंदन सिंह, रणधीर पटेल, बैजनाथ शर्मा, मुरारी यादव, मनोज चंद्रवंशी, सुनील पांडेय, अभिजीत आनंद, डॉ अजय कुमार ने दी।



युवक की गला दबाकर हत्या, गांव के बाहर खेत में मिला शव, 4 पर प्राथमिकी



सासाराम। युवक की गला दबाकर हत्या कर दी गई। मृत युवक का शव खेत से बरामद हुआ। जिसके बाद गांव में हडकंप मच गया। घटना रोहतास जिले के तिलौथू थाना अंतर्गत ग्राम लोहराडीह गांव की है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान लोहारडीह गांव निवासी महेश पासवान के रूप में हुइ।

ग्रामीणों के अनुसार रविवार की रात में महेश पासवान का शव खेत में पाया गया। ग्रमीणों ने परिजनों और पुलिस को शव मिलने की सूचना दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तिलौथू थानाध्यक्ष कृपाल जी महाराज ने बताया कि लोहारडीह में गांव के पूरब युवक का शव मिला है। प्रथम दृष्टया युवक की गला घोंटकर हत्या का मामला लगता है। मृतक के पिता द्वारा चार पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

बारात जाने से पहले दूल्हे के भाई की करंट की चपेट में आने से हुई मौत, मचा कोहराम

केटी न्यूज/जहानाबाद



जिले के बिगहा थाना क्षेत्र के करनी बिगहा गांव के बधार में शौच जाने के क्रम में टूटे तार की चपेट में आने से दूल्हे की भाई की मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों में हाहाकार मच गया। मृतक की पहचान करनी बिगहा निवासी महेश यादव के बेटे गणेश कुमार के रूप में की गई है।

घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घर में शादी को लेकर खुशी का माहौल था। लोग अपने अपने तरीके से शादी की तैयारी में लगे थे। घर में व्यस्तता रहने के कारण दूल्हे की भाई गणेश गांव के बधार में शौच करने जा रहा था। बधार में 11 हजार हाई टेंशन की तार टूट कर गिरा हुआ था। जिसमें विद्युत प्रवाहित हो रही थी। शौच जाने के दौरान वह टूटे तार को देख न सका और वह उसके चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। ग्रामीणों की जब नजर पड़ी तो किसी तरह विधुत प्रवाहित तार से अलग कर आनन फानन में उसे सदर अस्पताल लाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

दूसरी ओर, पुलिस अधिकारी ने बताया कि करंट लगने से युवक की मौत हुई है। मृतक के छोटे भाई की आज शादी थी और आज बारात जाने वाली थी। बता दें कि आज उसके छोटे भाई की शादी होने वाली थी और घर पर मेहमान भी पहुंच चुके थे। सभी रिश्तेदार और घर के लोग पटना के पाली-नगमा गांव में बारात जाने की तैयारियों में जुटे थे। लेकिन ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था। वैवाहिक माहौल के बीच दूल्हे की भाई की करंट के चपेट में आने से हुई मौत से परिवार की खुशियां मातम में बदल गई। परिवार और रिश्तेदारों का रो-रो कर बुरा हाल है।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस : सही जानकारी ही है डेंगू से बचाव का रास्ता, बुखार होने पर चिकित्सकीय सलाह जरुरी

सलाह: सही प्रबंधन के अभाव में डेंगू हो सकता है जानलेवा

केटी न्यूज/आरा



मच्छर जनित रोगों में डेंगू अति गंभीर रोगों की श्रेणी में आता है। जिसको देखते हुए डेंगू के प्रति सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। स्वाथ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने इस वर्ष "समुदाय को डेंगू की जानकारी, लक्षणों की पहचान एवं बचाव के उपायों की जानकारी" को थीम के रूप में चुना है।

एसीएमओ सह जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि आम लोगों के बीच सटीक जानकारी नहीं होने के कारण उनके लिए डेंगू शब्द ही खौफ का मुद्दा है। यदि इसके विषय में आम लोगों को पूरी जानकारी दी जाए तो लोगों के मन से डेंगू का भय खत्म हो सकता है। डॉ. सिन्हा ने बताया कि बैनर, पोस्टर आदि का इस्तेमाल कर पूरे जिले में डेंगू दिवस के अवसर पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिला में अभी डेंगू का एक भी मरीज चिन्हित नहीं है।

दिन में ही काटता है डेंगू का मच्छर : डॉ. सिन्हा ने बताया कि ऐडीज नामक मच्छर के काटने से डेंगू बुखार होता है। यह मच्छर साफ पानी में पनपता है जो ज्यादातर दिन में ही काटता है। डेंगू को हड्डी तोड़ बुखार भी कहा जाता है। 3 से 7 दिन तक लगातार बुखार, तेज सर में दर्द, पैरों के जोड़ों मे तेज दर्द, आंख के पीछे तेज दर्द, चक्कर एवं उल्टी, शरीर पर लाल धब्बे आना एवं कुछ मामलों में आंतरिक एवं बाह्य रक्त स्त्राव होना डेंगू के लक्षण में शामिल है। डेंगू का कोई सटीक इलाज तो उपलब्ध नहीं है पर कुशल प्रबंधन एवं चिकित्सकों की निगरानी से डेंगू को जानलेवा होने से बचाया जा सकता है। इसलिए जरुरी है कि डेंगू के लक्षण दिखाई देने पर चिकित्सकीय सलाह ली जाए. डेंगू के लक्षण दिखाई देने पर बिना चिकित्सकीय सलाह के बुखार की दवा खाना खतरनाक हो सकता है।

ऐसे करें डेंगू से बचाव

- घर के आस-पास साफ-सफाई रखें एवं घर में पानी जमा होने ना दें
- सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें
- बच्चों को फुल आस्तीन की कमीज एवं फुलपैंट पहनाएं
- वाटर कूलर या नल के पास पानी जमा नहीं होने दें

केवल एक प्रतिशत डेंगू ही जान लेवा : डेंगू मुख्यतः तीन प्रकार के होते हैं. साधारण डेंगू, डेंगू हैमरेजिक बुखार एवं डेंगू शॉक सिंड्रोम। ज्यादातर लोगों को साधारण डेंगू ही होता है जो कुछ परहेज करने से ठीक हो जाता है। डेंगू हैमरेजिक बुखार एवं डेंगू शॉक सिंड्रोम गंभीर श्रेणी मे आते हैं। यदि इनका शीघ्र ईलाज शुरू नहीं किया जाए तो यह जानलेवा भी हो सकता है। डेंगू हैमरेजिक बुखार एवं डेंगू शॉक सिंड्रोम में मरीजों के उपचार के लिए रक्तचाप एवं शरीर में खून के स्त्राव का निरीक्षण करना जरुरी होता है। राष्ट्रीय वेक्ट रबोर्न रोग नियंत्रण विभाग के अनुसार 1 प्रतिशत डेंगू ही जानलेवा है, लेकिन बेहतर प्रबंधन के आभाव में डेंगू 50 प्रतिशत तक खतरनाक हो सकता है।

खबरें फटाफट

बिजली चोरी मामले में दो पर जुर्माना के साथ केस दर्ज

डुमरांव। बिजली चोरी के खिलाफ बिजली कंपनी के अधिकारियों ने डोर-टू-डोर अभियान चलाया, जिसमें दो लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा और जुर्माना लगाते हुए आरोपितों के खिलाफ नया भोजपुर ओपी थाने में मामला दर्ज कराया है। इस छापेमार दस्ता का नेतृत्व नया भोजपुर के कनीय विद्युत अभियंता चंदन कुमार ने किया. पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिजली चोरी मामले में एनएच 84 स्थित नया भोजपुर सब्जी मंडी के समीप निवासी अजित कुमार सिंह पर 6707 रुपये और अनिल सिंह पर 13612 रुपये का जुमार्ना लगाते हुए मामला दर्ज कराया गया है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि इन आरोपितों के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

20 लीटर शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

नावानगर। सोनवर्षा ओपी पुलिस ने रामनगर प्रयाग टोला गांव में छापेमारी कर 20 लीटर शराब के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला तस्कर गांव के ज्ञानती कुंवर है। ओपीध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार महिला काफी दिनों से अपने घर में शराब बेचने का काम करती थी। जिसकी अज्ञात सूचना सोमवार को पुलिस को मिली। सूचना पर ओपीध्यक्ष ने जवानों के साथ चिन्हित स्थान पर छापेमारी किया। छापेमारी में महिला तस्कर को पुलिस ने शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। ओपीध्यक्ष ने बताया कि महिला तस्कर के विरुद्ध मद निषेध अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज करने के बाद मंगलवार को उसे जेल भेज दिया जाएगा। राज्य में शराब पर प्रतिबंध लगने के बाद भी लोग चोरी-छिपे इस अवैध कारोबार को करने से बाज नहीं आ रहे।

नामांकन के पांचवे दिन खुला चेयरमैन पद का खाता, कुल 79 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

नगर निकाय चुनाव

- चाक चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेटिंग पर मुश्तैद रहे जवान
- जैसे जैसे नामांकन आगे बढ़ रहा है वैसे-वैसे बढ़ रही प्रत्याशियों की संख्या

केटी न्यूज/डुमरांव



डुमरांव नगर परिषद चुनाव के न्यामांकन शुरू होने के पांचवे दिन सोमवार को चेयरमैन पद का खाता खुला। जानकारी के अनुसार चेयरमैन के छह तथा वाइस चेयरमैन के 4 और पार्षद पद के लिए 69 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन का पर्चा दाखिल किया। बता दें कि इसके पहले चार दिनों तक मुख्य पार्षद पद के एक भी प्रत्याशी नामजदगी का पर्चा नहीं भरे थे। सोमवार को चेयरमैन पद के लिए डुमरांव के गडेरी टोला निवासी तरुन्नुम परवीन, नथुनी के बाग निवासी रईसा खातून, मच्छरहट्टा गली निवासी अंजू शर्मा, पुराना भोजपुर की रेखा देवी, रामलगन कहार की गली निवासी इशरत खातून और तूफानी साई की गली निवासी रूबी बानो ने अपना-अपना नामांकन फार्म दाखिल किया। जबकि उपचेयरमैन के लिए डुमरांव के टेढ़ी बाजार निवासी मोहम्मद सद्दाम हुसैन, पुराना भोजपुर के नंदजी चौधरी, ईश्वर सिंह की गली निवासी मोहम्मद नईम मंसूरी और पुराना भोजपुर निवासी हरि शाह ने अपना नामांकन का पर्चा दाखिल किया।

बता दें कि डुमरांव नगर परिषद में मुख्य पार्षद पद अति पिछड़ा महिला तथा उप मुख्य पार्षद का पद अतिपिछड़ा अन्य के लिए रिजर्व है। उसी तरह नप क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से वार्ड पार्षद पद के 69 कैंडिडेटों ने अपना पर्चा दाखिल किया। पूरे दिन नामांकन को लेकर अनुमंडल परिसर में गहमागहमी का माहौल बना रहा। नामांकन के लिए प्रशासन उम्मीदवारों के साथ प्रस्तावक और एक समर्थक को ही अंदर जाने दे रहा था। अनुमंडल कार्यालय में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। दंडाधिकारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ ही तीसरी आंख से कड़ी निगरानी की जा रही थी। जगह-जगह मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल के जवान तैनात किये गये थे। निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीएम कुमार पंकज ने बताया कि कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। गड़बड़ी करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा।

संघर्ष के बाद तरन्नुम को मिला था नो ड्यूज

सोमवार को चेयरमैन पद के लिए नामांकन फार्म भरने वाली गड़ेरी टोला की तरन्नुम परवीन को संघर्ष के बाद नगर परिषद कार्यालय से नो ड्यूज मिला था। बता दें कि तरन्नुम के पति मिंटू हॉशमी नगर विक्रय समिति के नेतृत्वकर्ता है तथा नगर परिषद के खिलाफ अक्सर आंदोलन करते हैं। जिस कारण नगर परिषद प्रशासन उनकी पत्नी को नो ड्यूज देने में आनाकानी कर रहा था। जिसके बाद तरन्नुम ने निवार्ची पदाधिकारी का दरवाजा खटखटाया था। तब उन्हें नगर परिषद से नो ड्यूज प्रमाण पत्र मिल सका।

राज्य निर्वाचन आयोग ने जारी किया चुनाव चिह्न, 25 प्रतीक चिह्न रखे गए सुरक्षित

चेयरमैन के लिए 32, वाइस चेयरमैन के 21, पार्षद के लिए 36 तरह के चिह्न



केटी न्यूज/डुमरांव



राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा डुमरांव नगर परिषद चुनाव के तीनों पदों के लिए अलग-अलग चुनाव चिन्हों की घोषणा कर दी गई है। इसके अलावे 25 प्रतीक चिन्हों को सुरक्षित भी रखा गया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए चुनाव चिन्हों में इस बार नगर परिषद क्षेत्र के चेयरमैन उम्मीदवार टमटम के साथ वोटरों के बीच अपनी किस्मत आजमायेंगे तो पार्षद भी टेंपू की सवारी कर जनता को लुभायेंगे।

राज्य निर्वाचन आयोग की वेबवाइट पर जारी चेयरमैन पद के लिए 32 चुनाव चिन्ह अधिसूचित किया गया है जबकि उपचेयरमैन के लिए 21 तथा वार्ड पार्षद पद के लिए 36 चुनाव चिन्हों की घोषणा की है। इस बार के चुनावी दंगल में उम्मीद्वारों की संख्या में बढ़ोतरी हुई तो इसके लिए निर्वाचन आयोग ने सुरक्षित चुनाव चिन्ह के रूप में 25 प्रतीक चिन्ह उपलब्ध करायेगा। आयोग ने इस बार के निकाय चुनाव में बदलाव किया है। वोटरों के द्वारा ही चेयरमैन एवं उपचेयरमैन पद के लिए वोट के माध्यम से चुना जायेगा। नई तकनीक के अनुसार उम्मीदवारों के बीच चुनाव चिन्ह का वितरण किया जायेगा जबकि नामांकन पत्रों की जांच भी नई विधि के अनुसार तय किया गया है। आयोग द्वारा तय मानक के अनुसार उम्मीदवारों की सूची देवनागरी लिपि में हिंदी में नाम के पहले अक्षर के वर्णानुक्रम में बनेगी। इस बार डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र में 12 गांवों को शामिल किया गया है। पंचायतों से कटकर शहरी क्षेत्र में जुड़े वोटरों के बीच यह चुनाव खास बन गया है। इन दिनों वहां चुनावी परिचर्चा को लेकर गहमागहमी मची है और उम्मीद्वार वोटरों को लुभाने में जुट गये हैं।

उम्मीदवारों को आवंटित होने वाले चुनाव चिन्ह

चेयरमैन पद के उम्मीदवारों का चुनाव चिन्ह: चेयरमैन पद के लिए चुनाव चिन्ह कप-प्लेट, मोटरसाइकिल, नल, ताला-चाबी, टमटम, प्रेशर कुकर, सिलाई मशीन, कबूतर, चरखा, चारपाई, टाइपराइटर, मछली, वैन, मेज, टेबल लैंप, रेल का इंजन, गैस सिलेंडर, हारमोनियम, बल्ब, जलता हुआ दीया, कोट, जोड़ा हिरण, मुर्गा, तुरही, कछुआ, लेटर बाक्स, स्टूल, कुदाल, अलमीरा, जीप, शंख और सीढ़ी होगा।

उपचेयरमैन उम्मीदवार: उपचेयरमैन पद के लिए चुनाव चिन्ह गेहूं की बाली, पीपल का पत्ता, घड़ा, चश्मा, कुल्हाड़ी, टेबल फैन, तितली, पानी का जहाज, आम, स्कूटर, रोड रोलर, बकरी, हाथ ठेला, बत्तख, तराजू, कार, छाता, डमरू, घोड़ा, तबला और डोली आदि निर्धारित किया गया है।

वार्ड पार्षद पद के लिए: वार्ड पार्षद पद के लिए चुनाव चिन्ह कलम और दवात, ढोलक, टेम्पू, वायुयान, मोमबत्तियां, काठ गाड़ी, मोर, चिमनी, कैमरा, पुल, जोड़ा बैल, खजूर का पेड़, बाल्टी, जग, चापाकल, टोकरी, उगता हुआ सूरज, तोता, टेलीविजन, टार्च, डीजल पंप, टापफी, गाजर, मोबाइल, ट्रैक्टर, कुआं, कुर्सी, स्टोव, ब्लैक बोर्ड, ऊंट, किताब, सीटी, हॅसिया, केतली, गैस का चूल्हा और सेव होगा।

सुरक्षित चिन्ह: लट्टू, बगुला, हल, बरगद का पेड़, चौका-बेलन, तोप, लिफाफा, मक्का, कांच का ग्लास, अंगूठी, ट्रक, बांसुरी, भोजन की थाली, माचिस, हैंगर, कंघा, खल-मूसल, खुरपी, नारियल, बल्ला, फ्रॉक, गुड़िया, लेडी पर्स, ब्रश और मोतियों का माला होगा।

विधवा को युवक से हुआ प्यार थानेदार की पहल पर रचाई शादी



केटी न्यूज/ब्रह्मपुर

सोमवार को बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर में एक प्रेमी जोड़े की शादी पुलिस व स्थानीय लोगों की मौजूदगी में कराई गई। दोनों ने ब्रह्मेश्वर नाथ को साक्षी मानकर लिए सात वचन व सात फेरे लिए। खास बात यह है कि जिस प्रेमी जोड़े ने शादी रचाई, उसमें महिला विधवा थी। मामला ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के रक्षानगर गांव का है। जानकारी के अनुसार विधवा मुस्कान देवी के पति की मृत्यु दो वर्ष पहले हो गई थी। इसी बीच

ब्रह्मपुर के सूरज कुमार साह नाम के एक युवक से उसकी मुलाकात हुई। दोनों के बीच फोन पर बातचीत शुरू हुई। बात बढ़ते-बढ़ते दोनों के बीच प्यार हो गया। इसी बीच दोनों घर से भागकर जमशेदपुर पहुंच गए। लड़के के घरवालों ने खोजने के बाद गुमशुदगी की रिपोर्ट ब्रह्मपुर थाना में दर्ज कराई। सूचना मिलते ही तत्परता दिखाते हुए थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी के नेतृत्व में दोनों को सकुशल वापस लाया गया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि हम लोग एक दूसरे से प्रेम करते हैं और एक साथ रहना चाहते हैं और शादी करना चाहते हैं। जिसके बाद थानाध्यक्ष के द्वारा दोनों के परिवार वाले को बुलाया गया और लड़की पक्ष से थानाध्यक्ष बने और शादी कराने का निर्णय लिया गया। जिसके बाद बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ की साक्षी मानकर पंडित भोला पांडे के द्वारा वैदिक मंत्रो एवं सारे रश्म के साथ विवाह कराया गया। विवाह प्रांत बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ को साक्षी मानकर विधवा प्रेमिका मुस्कान जयमाल हुआ। साथ ही एक साथ रहने का वचन लिया। इस दरमियान मंदिर परिसर में जुटे सैकड़ों लोगों ने उनके इस कदम की सराहना की। थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी ने बताया कि विधवा मुस्कान का बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर में विवाह कराकर दोनों को विदा किया गया।

रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट

केटी न्यूज/नावानगर

स्थानीय थाना के केसठ गांव में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट होने का मामला प्रकाश में आया है। मारपीट में दोनो पक्षो से तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। सभी जख्मियों का इलाज नावानगर सीएचसी में कराया गया।

इधर दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए नावानगर थाना में नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर के बाद एक पक्ष के मनोज तुरहा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि गांव के संतोष तुरहा और मनोज तुरहा के बीच रास्ते को लेकर काफी दिनों से विवाद चला आ रहा है। उसी को लेकर रविवार को दोनो पक्ष आमने सामने हो गए। कहासुनी से शुरू हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गई। लोगों के बीच बचाव के बाद दोनों पक्ष के बीच मारपीट खत्म हुई। बाद में एक पक्ष के रीता देवी पति संतोष तुरहा तो दूसरे पक्ष के पूजा देवी पति मनोज तुरहा द्वारा एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।

डीएम ने चुनाव के दौरान प्रत्याशियों के खर्च, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर पैनी नजर रखने का दिया निर्देश

केटी न्यूज/बक्सर



सोमवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने पंचायत उप निर्वाचन एवं नगर पालिका आम निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित इस बैठक में डीएम ने अबतक की तैयारियों को परखा तथा कई आवश्यक निर्देश भी दिए। डीएम ने चुनाव से संबंधित सभी सामग्रियों को ससमय क्रय करने एवं निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सामग्री को थैले में रखने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी द्वारा कार्मिक कोषांग एवं अन्य कोषांग की समीक्षा की गई एवं संबंधित पदाधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि नगर परिषद चुनाव तथा पंचायत उप चुनाव के दौरान प्रत्याशियों के खर्च , आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन जैसी चीजों पर पैनी नजर रखा जाए।

वहीं उन्होंने सोसल मीडिया ग्रुपों पर भी नजर रखने को कहा। डीएम ने कहा कि चुनाव के दौरान उपद्रवी तत्वों पर समय रहते नकेल कसना है। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, स्थापना उप समाहर्ताएवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

एक नजर

टुड़ीगंज स्टेशन पर रेलयात्री कल्याण समिति ने किया सांसद अश्विनी चौबे का पुतला दहन

कृष्णाब्रह्म। सोमवार को रेल यात्री कल्याण समिति के बैनर तले टुडीगंज स्टेशन पर केन्द्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अश्विनी कुमार चौबे का पुतला दहन किया गया। यह पुतला दहन 12 सूत्री मांगों को समर्थन में किया गया है। इसकी अध्यक्षता समिति अध्यक्ष सह अधिवक्ता कामेंद्र कुमार सिंह ने किया। पुतला दहन के बाद वक्ताओं ने कहा कि रेल यात्री कल्याण समिति रघुनाथपुर स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की बहाली के लिए लगातार धरना दे रही है। वही टुड़ीगंज रेलवे स्टेशन पर भी मुलभूत यात्री सुविधाएं तक मयस्सर नहीं है। स्थानीय स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को बढ़ाने तथा एक्सप्रेस टेज्नों के ठहराव की मांग भी लंबे समय से की जा रही है। वही अधूरे पड़े फूट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य भी ठप पड़ा हुआ है। यात्री कल्याण समिति ने बताया कि जनता एक्सप्रेस, अपर इंडिया एक्सप्रेस और अमृतसर एक्सप्रेस का अविलंब परिचालन शुरू करने, स्टेशन के दोनों प्लेटफार्म को पीसीसी करने, बक्सर मडुआडीह पैसेंजर ट्रेन का रघुनाथपुर तक विस्तार करने, दानापुर रघुनाथपुर पैसेंजर का बक्सर से खुलने का समय निर्धारित करते हुए टिकट देने की व्यवस्था करने, स्टेशन पर पेयजल शौचालय की सुविधा बहाल करने जैसी मांगों को लेकर पुतला दहन का आयोजन किया गया था। पुतला दहन में महामंत्री उमेश कुमार प्रसाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह, इमरान खान, राम अवतार, बाला यादव, विनोद सिंह, रामचंद्र, सतीश केसरी, कन्हैया यादव समेत कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

एमडीजे विद्यालय के छात्रों ने आरा आइडल में लहराया परचम, स्कूल में किए गए सम्मानित

नावानगर। म्यूजिक एंड आर्ट प्वाइंट के बैनर तले आरा आइडल के फाइनल कंपटीशन में सोनवर्षा के एमडीजे पब्लिक स्कूल के छात्राओं ने परचम लहराया। डांस, पेंटिंग एवं सिंगिंग इवेंट्स में अव्वल होने पर सोमवार को छात्रों को विद्यालय में सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ नंदकुमार सिंह ने छात्रों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। निदेशक ने कहा कि इस जीत के पीछे आप सभी की विद्वता, अथक मेहनत और लगन ही है, जो हर क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहराने में सहायक सिद्ध हो रहा है। खासतौर पर उन जागरूक अभिभावकों के सहयोग को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता जो हमेशा अपने बच्चों के प्रति सजग रहते हैं एवं उनकी अभिरुचियों का ध्यान रखते हुए उनका हौसला अफजाई करते हैं। शनिवार को आरा नागरिक प्रचारिणी सभागार में आयोजित आइडल के फाइनल कंपटीशन तक पहुंचने के लिए प्राइमरी, जूनियर, सब जूनियर एवं सीनियर ग्रुप में विद्यालय के कुल 10 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया था। सीनियर सिंगिंग ग्रुप में विद्यालय के नौवी कक्षा के छात्र प्रिंस कुमार पांडे, पिता उमाशंकर पांडे ने प्रथम स्थान प्राप्त कर आरा आईडल की आवाज बने। वहीं सीनियर पेंटिंग कंपटीशन में कक्षा 10 की छात्रा संजू कुमारी ने संदेशात्मक एवं अद्भुत चित्रकला का प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार हासिल करने का काम किया है। वहीं सीनियर डांस ग्रुप में कक्षा नौ की छात्रा मौली वर्मा, सब जूनियर डांस ग्रुप में कक्षा 5 की छात्रा छाया कुमारी, कुमारी अनन्या एवं प्राइमरी डांस ग्रुप के कक्षा तीन की छात्रा अर्शिता कुमारी समेत सभी प्रतिभागियों ने तृतीय स्थान प्राप्त कर परचम लहराया।

कोरानसराय के चुआड़ गांव में पूणार्हूति व भंडारे के साथ संपन्न हुआ लक्ष्मीनारायण महायज्ञ

मार्ग से विचलित लोगों को भी आश्रय देता है धर्म: जीयर स्वामी

केटी न्यूज/डुमरांव





चुआड़ गांव में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सोमवार को पूणार्हूति व भंडारे के साथ संपन्न हो गया। अंतिम दिन विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक विधान से हवन पूजन तथा अन्य धार्मिक अनुष्ठानों को संपन्न कराया गया। यज्ञ कुंड में पूणार्हूति पड़ते ही यज्ञ नारायण भगवान तथा जय श्रीमन नारायण के जयघोष से इलाका गूंज उठा। इसके बाद विशाल भंडारे में दूर दराज से आए हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

बता दें कि यह महायज्ञ 10 मई से संचालित हो रहा था। परम पूज्य संत तथा त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम शिष्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के मंगलानुशासन में संपन्न हुए इस महायज्ञ में रविवार की रात धर्म सम्मेलन का आयोजन किया गया था। धर्म सम्मेलन को संबोधित करते हुए संत श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि धर्म मार्ग से विचलित लोगों को भी आश्रय देता है। स्वामी जी महाराज ने श्रद्धालुओं को धर्म का अर्थ समझाते हुए कहा कि जीवों पर दया, प्रेम और परमात्मा में निष्ठा ही धर्म है। उन्होंने कहा कि अगर अधर्मी भी धर्म के मार्ग का अनुसरण करने लगे तो उसे हम स्वीकार कर लेते हैं। त्रेता से द्वापर काल तक इसके अनेक उदाहरण है।

उन्होंने रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि का उदाहरण देते हुए कहा कि वे पहले अधर्म के मार्ग पर चलते थे, लेकिन बाद में अपने आरचण में सुधार लाए। तब तत्काली संत समाज ने उन्हें अपनाया था। उन्होंने रामायण की रचना कर अपने पुराने कर्मों की प्रायश्चित किया। जबकि आचार्य उधो शास्त्री ने कहा कि जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। उन्होंने कहा कि धर्म के बिना सुख की प्राप्ति नहीं होती है। धर्म सम्मेलन में आचार्य धर्मेंद्र शास्त्री, गोपालजी स्वामी, बैकुंठनाथ स्वामी, आनंद विहारी शास्त्री, विष्णुदत्त शास्त्री, श्यामनारायण स्वामी और श्रीमननारायण स्वामी सहित कई विद्वान संत महात्मा शामिल रहे। धर्म सम्मेलन के दौरान संत महात्माओं ने कहा कि यज्ञ सनातन धर्म की वैदिक परंपरा है। कलियुग में पर्यावरण शुद्धि यह बहुत बढ़िया माध्यम है।

संत महात्माओं ने यज्ञ को सनातन की आत्मा बताते हुए कहा कि इसका मुख्य उदेश्य सर्वे भवंति सुखिनः सर्वे संतु निरामयाः की कल्याणकारी भावना निहित होती है। धर्म सम्मेलन के बाद भजन संध्या का आयोजन भी किया गया था। जिसमें भोजपुरी के चर्चित गायक भरत शर्मा, विष्णु ओझा, अशोक मिश्र व विनय मिश्र समेत कई अन्य कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत व भजन प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस महायज्ञ के आयोजन से एक सप्ताह तक चुआड़ में भक्तिमय माहौल बना हुआ था। इस आयोजन से ग्रामीणों में उत्साह व्याप्त था।

खबरें फटाफट

करेंट की चपेट में आने से महिला की मौत

गाजीपुर। दुल्लहपुर थाने के नरायनपुर गांव में रविवार को ट्यूबवेल संचालित करने के लिए स्टार्टर में लगे बटन को दबाने गई एक वृद्धा की करेंट की जद में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों के रोने- बिलखने से गांव में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इलाके के नरायनपुर निवासी मेवाती देवी (60) ने धान की नर्सरी सूखने से बचाने के लिए ट्यूबवेल से पानी चलाने के लिए गई थी। स्टार्टर को स्पर्श करते ही वह करेंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। घटना की जानकारी होते ही गांव के लोग और परिजन मौके पर पहुंच गए। बिजली आपूर्ति बंद कराकर गंभीर रूप से झुलसी वृद्धा को उपचार के लिए धर्मागतपुर पीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका मेवाती देवी के पति प्रभुनाथ यादव का तीन वर्ष पूर्व निधन हो गया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

छात्राओं को सशक्त बनाने का नेतृत्व कर रही एबीवीपी

मऊ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोरक्ष प्रांत द्वारा प्रांत छात्रा सम्मेलन नगर क्षेत्र के पुरानी तहसील स्थित आरएस पैलेस में आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने शिरकत की। राज्य मंत्री गुलाब देवी ने अपने संबोधन में कहा कि एबीवीपी सभी छात्राओं को सशक्त बनाने का नेतृत्व कर रही है। सारी शक्तियां हमारी बेटियों के अंदर है। वह अन्नपूर्णा, सरस्वती व काली के रूप में है। उन्होंने कहा कि संकल्प के बिना कार्य नहीं हो सकता और कार्य के बिना सफलता प्राप्त नहीं होती हैं। उन्होंने हाल के दिनों में आयी फिल्म का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की सभी बच्चियों को यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। हम अपने ऊर्जा का प्रयोग सकारात्मक विचारों को अर्जित करने के लिए करें। एबीवीपी से जुड़ा हुआ व्यक्ति चरित्रवान और देशभक्ति से परिपूर्ण है। एबीवीपी की राष्ट्रीय मंत्री साक्षी प्रताप सिंह ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय पुनर्निर्माण है।

सूरत-ए-हाल: पूर्वांचल के जेलों का खस्ताहाल, क्षमता से तीन गुना अधिक हैं कैदी

- अधिकारियों के निरीक्षणों के बावजूद जेलों की मूलभूत समस्याएं जस की तस

तिलक कुमार/बलिया



पूर्वांचल की जेलों में क्षमता से दोगुना और तीन गुना से अधिक बंदी निरुद्ध हैं। बंदियों की तुलना में निगरानी करने वाले कारागार कर्मियों की संख्या काफी कम है। आज हम आपको इस खबर में उन तमाम जेलों की जमीनी हकीकत से रू-ब-रू कराएंगे। प्रदेश की जेलों में बंद कुख्यात अपराधियों और उनके नेटवर्क पर नकेल कसने के लिए बीते अप्रैल महीने में पांच आईपीएस अफसरों को निरीक्षण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। बावजूद जेलों की मूलभूत समस्याएं जस की तस हैं। वाराणसी की जिला जेल की क्षमता 747 बंदियों की है। वहीं, जिला जेल में निरुद्ध बंदियों की संख्या 2285 थी। इन बंदियों की निगरानी के लिए 83 बंदीरक्षक तैनात हैं। बलिया की जिला जेल की क्षमता 339 बंदियों की है, लेकिन यहां 700 बंदी हैं। यहां बीते महीने दो मोबाइल बरामद हुए। बलिया की जेल में जलजमाव की समस्या होने से बंदियों को बरसात के दिनों में दूसरी जेलों में स्थानांतरित करना पड़ता है। मिजार्पुर की क्षमता 332 बंदियों की है, मौजूदा समय में यहां 700 बंदी हैं।

जेलों में बंद हैं कुख्यात अपराधी

आजमगढ़ जिला जिला जेल की क्षमता 1200 बंदियों की है, मौजूदा समय में यहां 1781 बंदी हैं। गाजीपुर जिला जेल की क्षमता 635 बंदियों की है, मौजूदा समय में यहां 1100 बंदी हैं। सोनभद्र जिला जेल की क्षमता 550 बंदियों की है, मौजूदा समय में यहां 1062 बंदी हैं। मऊ जिला जेल की क्षमता 540 बंदियों की है, मौजूदा समय में यहां 782 बंदी हैं। वहीं, जौनपुर और भदोही की जेल में तीन गुना से ज्यादा बंदी हैं। जौनपुर की जिला जेल की क्षमता 320 बंदियों की है, लेकिन यहां 1017 बंदी निरुद्ध हैं। श्रमजीवी विस्फोट कांड के आरोपियों से लेकर नक्सली जोनल कमांडर और मुख्तार अंसारी गिरोह का बदमाश भी जौनपुर की जिला जेल में बंद है। इसी तरह से भदोही की जिला जेल की क्षमता 114 बंदियों की है, लेकिन यहां 410 बंदी निरुद्ध हैं।

किए जा रहे हैं विशेष उपाय

बलिया। वाराणसी की जिला जेल के जेलर वीरेंद्र त्रिवेदी ने कहा कि जेलों से बंदियों की भीड़ को कम करने के लिए कुछ विशेष उपाय सरकार और गैर सरकारी संगठनों के स्तर पर किए जा रहे हैं। इनमें से सबसे अहम यह है कि छोटे-मोटे अपराधों में जेल में दाखिल बंदियों के मुकदमों का जल्द निस्तारण कराना है। सजा पूरी करने के बाद जुमार्ना न भर पाने के कारण जेलों में निरुद्ध बंदियों की रिहाई भी उसी कवायद का अहम हिस्सा है। इसके अलावा आबादी के बीच बनी पुरानी जेलों को नए स्थान पर शिफ्ट करने की भी शासन स्तर पर कवायद चल रही है।

मऊ अपर जिलाधिकारी ने की मदरसा बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

यूपी बोर्ड की तरह मदरसा बोर्ड परीक्षा में वेब कास्टिंग व ऑनलाइन अटेंडेंस की व्यवस्था

- कदाचार मुक्त परीक्षा के संचालन के लिए दी गई चेतावनी
- किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों पर दर्ज की जाएगी प्राथमिकी

केटी न्यूज/मऊ



जनपद के 16 परीक्षा केंद्रों पर 17 से 24 मई तक मदरसा बोर्ड परीक्षा 2023 आयोजित होने वाली है। जिसके तहत केन्द्र व्यस्थापक, अतिरिक्त केन्द्र व्यस्थापक, स्टैटिक सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट की संयुक्त बैठक सोमवार को अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से की। बैठक के प्रारम्भ में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि कुल 16 केंद्रों पर 6732 परिक्षार्थी 17,18, 20, 22, 23 एवं 24 मई को दोनों पालियों 8 से 11 तथा 2 से 5 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं तहसीलों के एसडीएम जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात हैं। परीक्षा के दौरान पूर्ण रूप से यूपी बोर्ड की भांति वेबकास्टिंग व ऑन लाइन अटेंडेंस की व्यवस्था की जाएगी। उक्त परीक्षा को पूर्ण नकल विहीन सम्पन्न करानी है। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल सम्बंधित प्रतिभागी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने व अन्य कठोर विधिक कार्यवाही के निर्देश शासन स्तर से निर्गत है।

केंद्र व्यवस्थापक व स्टेटिक मजिस्ट्रेट के पास ही होगा मोबाइल : सभी परीक्षा केंद्रों पर सघन तलाशी के बाद ही परीक्षार्थी केंद्र में प्रवेश पाएंगे केंद्रों पर केवल केंद्र व्यवस्थापक व स्टेटिक मजिस्ट्रेट के पास ही मोबाइल मान्य होगा। सभी केंद्रों पर पर्याप्त रूप से अनुदानित मदरसों के शासकीय शिक्षकों की कक्ष निरीक्षक के रूप में तैनाती की गई है। जो अपने कक्ष में नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए उत्तरदायी होंगे। वहीं केंद्र व्यस्थापक व अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक भी किसी भी गड़बड़ी की दशा में संयुक्त रूप से उत्तरदायी होंगे। उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन केंद्र मदरसा आलिया निस्वा डोमनपुरा को बनाया गया है। जहां प्रतिदिन प्रत्येक पाली के समाप्ति के एक घंटे के उपरान्त सील उत्तरपुस्तिका जमा करना अनिवार्य है। परीक्षा केंद्रों को चारों परीक्षा सेकंडरी सीनियर सेकंडरी और स्नातक वर्ग फाजिल व कामिल हेतु पृथक पृथक सीरीज की उत्तरपुस्तिका दी गयी हैं। जिसका हिसाब केंद्रों पर रखा जाएगा व स्टेटिक मजिस्ट्रेट द्वारा प्रति पाली में समीक्षा किया जाएगा। सभी मदरसा कार्मिकों को डीएमओ के हस्ताक्षर से आई कार्ड दिए गए हैं, जिसे लेकर ही ड्यूटी बजानी है।

सभी केंद्रों पर पुरुष व महिला पुलिस बल की होगी तैनाती : बैठक को सम्बोधित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक मऊ ने बताया कि सभी केंद्रों पर पुरुष व महिला पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही, क्षेत्रीय चौकी इंचार्ज थाना प्रभारी व तहसीलों के पुलिस उपाधीक्षक केंद्रों पर भ्रमण करते रहेंगे। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वाले से सख्ती से निपटा जाएगा। बैठक के अंत में अपर जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के निदेर्शों के अनुसार शुचितापूर्ण परीक्षा कराने की समस्त तैयारी कर ली गई है। मुख्य उत्तरदायित्व केन्द्रव्यस्थापक, अतिरिक्त केन्द्रव्यस्थापक व कक्ष निरीक्षकों का है। जो दृढ़ता से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। जिससे योग्य छात्र सफल होंगे और भविष्य में समाज का भला करेंगे।

पकड़ी ताल में मत्स्य पालन की संभावनाओं पर हुई चर्चा

मऊ। जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में तहसील घोसी स्थित पकड़ी ताल के सुंदरीकरण एवं पर्यटन के दृष्टिगत विकास की संभावनाओ के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों द्वारा इस संबंध में अब तक की गई कार्यवाईयो की विस्तृत जानकारी लेते हुए शीघ्र ही कार्य योजना तैयार कर उस पर अमल करने के निर्देश दिए। पकड़ी ताल में मत्स्य पालन की संभावनाओं पर चर्चा के दौरान सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया कि पानी की जांच हेतु नमूना लेबोरेटरी को भेजा गया है। अभी तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। इसी प्रकार पकड़ी ताल में सिंघाड़ा, कमल एवं कमलगट्टा के उत्पादन की संभावनाओं को लेकर पकड़ी ताल की मिट्टी के नमूनों को भी जांच हेतु भेजा गया है। पकड़ी ताल की साफ-सफाई के लिए डीएम ने डीसी मनरेगा को इस संबंध में कार्य योजना तैयार कर अगले दो दिनों में कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को संबंधित ग्राम प्रधानों से संपर्क कर पकड़ी ताल के सुंदरीकरण एवं पर्यटन के विकास की संभावनाओं के संबंध में अवगत कराने के साथ ही उनसे सहयोग लेने को भी कहा। जिलाधिकारी ने डीसी एनआरएलएम को संबंधित क्षेत्र के स्वयं सहायता समूहो को सक्रिय कर प्रोत्साहित करने को भी कहा,जिससे पकड़ी ताल के सुंदरीकारण एवं पर्यटन की संभावनाओं में इन समूहों द्वारा भी योगदान किया जा सके।

एक नजर

करो और सीखो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

गाजीपुर। शाह फैज पब्लिक स्कूल, सुभाष नगर, गाजीपुर के प्राथमिक कक्षा के बच्चों द्वारा आज सोमवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर 'करो और सीखो' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता मे बच्चों ने पर्यावरण, विज्ञान और गणित विषय से सम्बधित मॉडल और चार्ट बना कर उसे बहुत ही सुन्दर ढंग से प्रदर्शित करते हुए वर्णित किया। बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग



वाल्कनो, सेंस ऑर्गन, पाचन तंत्र व सौर मंडल से संबंधित मॉडल उत्कृष्ट रहे। इस अवसर पर हमारे विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती तसनीम कौसर व उप प्रधानाचार्य डॉ प्रीति उपाध्याय नें बच्चों द्वारा बनाए गये मॉडलों को देखा और उनकी सराहना की। कार्यक्रम के अंत में कक्षा द्वितीय के छात्रों ने सुंदर गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सुनियोजित ढंग से प्रस्तुत करने में प्राथमिक विद्यालय की इंचार्ज चंदना श्रीवास्तव और गणित व विज्ञान विषय के शिक्षको नें सराहनीय योगदान दिया।

रोडवेज बस की टक्कर से युवक घायल

बलिया। हनुमानगंज पुलिस चौकी अंतर्गत बहादुरपुर पुल के समीप रोडवेज बस की टक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गुस्साए भीड़ ने बस का शीशा तोड़ दिया। वहीं घायल को आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के बाद इलाके का माहौल तनावपूर्ण है, सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस तैनात कर



दिया गया है। घायल युवक हनुमानगंज निवासी सूरज बाइक से किसी काम के लिए बलिया आ रहा था, तभी बहादुरपुर पुलिया के समीप रोडवेज बस ने टक्कर मार दिया। जिससे सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया। सूरज की बाइक के परखच्चे उड़ गए। उधर घटना के बाद गुस्साए भीड़ ने जैसे ही बस में पत्थर मारना शुरू किया। वैसे ही बस चालक बस को लेकर किसी तरह वर्कशाप पहुंच गया। बाद में लोगों ने उसे घायल सूरज को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। घटना के बाद मौके पर पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है।

जमीनी विवाद में मारपीट, दो लोग घायल

बलिया। फेफना थाना क्षेत्र के माल्देपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर सोमवार की सुबह दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान चले लाठी डंडों से एक पक्ष से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज चल रहा है। घटना के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार माल्देपुर गांव में ?जमीनी विवाद को लेकर काफी दिनों से जितेंद्र



राय और अजय शंकर राय के बीच विवाद चला आ रहा है। इसबीच सोमवार की सुबह पहले कहासुनी शुरू हुई, इसके बाद देखते ही देखते लाठी डंडे चलने शुरू हो गए। जिससे बाद एक पक्ष से जितेंद्र राय 45 व राकेश राय 32 गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद तनाव व्याप्त है। शांति व्यवस्था के मद्देनजर फोर्स तैनात कर दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने किया जेएनसीयू के नवनियुक्त कुलपति का कार्यभार किया ग्रहण

बलिया। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान कुलपति प्रो. कल्पलता पाण्डेय की विदाई के लिए जेएनसीयू और संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक संगठन के द्वारा एक समारोह का आयोजन किया गया। विदाई के इस अवसर पर प्रो. कल्पलता पाण्डेय ने अपने कार्यकाल की स्मृतियों को साझा किया। कहा कि इस विश्वविद्यालय को मैंने एक तीन



बरस के बच्चे के रूप में अपनाया था और अब इसे छः बरस के बच्चे के रूप में छोड़ कर जा रही हूँ। मैंने इस विश्वविद्यालय को अपने एक परिवार के रूप में देखा है, इसलिए इससे बिछुड़ना असहज कर रहा है। लेकिन या संतोष है कि यह विश्वविद्यालय अब अपने पैरों पर खड़ा होने लायक हो गया है। इस अवसर पर नवागत कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने कहा कि मैं एक शिक्षक हूँ और आप सबके साथ मिलकर जेएनसीयू के विकास के लिए कार्य करूँगा। इस विश्वविद्यालय के ध्येय वाक्य में सम्मिलित है कि साथ चलें, साथ बोलें और हमारा मन एक हो। हमें इस तीसरे बिंदु पर ध्यान देने की जरूरत है। मेरे दरवाजे हर समय आपके लिए खुले रहेंगे। इस अवसर पर डॉ. नीरज कुमार सिंह, सहायक आचार्य, अंगरेजी विभाग के काव्य संग्रह ' कल्पतरु' का भी लोकार्पण प्रो. कल्पलता पाण्डेय के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संचालन कर रहे महामंत्री डॉ. अवनीशचंद्र पाण्डेय ने शिक्षक हितों के संरक्षण की बात की। अध्यक्ष प्रो. अखिलेश राय ने शिक्षक संघ और समस्त शिक्षकों की ओर से नवागत कुलपति का स्वागत किया। कुलसचिव एस. एल. पाल ने सबका धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर डॉ. पुष्पा मिश्रा, डॉ. अजय चौबे, डॉ. प्रमोद शंकर पाण्डेय, प्रो. जैनेंद्र पाण्डेय, प्रो. साहेब दूबे, प्रो. आर एन मिश्र, प्रो. बैकुंठनाथ, प्रो. अंजनी सिंह, प्रो. नीरजा सिंह आदि प्राचार्य, प्राध्यापक, शिक्षक संघ के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

पुलिस एनकाउंटर को निषाद समाज ने बताया फर्जी प्रदर्शन कर उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की

बलिया। निषाद समाज के लोगों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर पुलिस एनकाउंटर के विरोध में प्रदर्शन करने के साथ एनकाउंटर को फर्जी बताया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री संजय निषाद को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। कहा कि बीते दिनों पुलिस द्वारा बड़सरी गांव में जिस लड़के को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार दिखाया जा रहा है, वह निर्दोष है। उसे फर्जी फंसाया जा रहा है। पुलिस उसे थाने से ले जाकर बड़सरी ईंट भट्ठे में पैर में गोली मार दी है। मांग किया कि मामले की उच्चस्तरीय जांच की जाए, यदि दोषी हो तो उसे अवश्य सजा दी जाए, लेकिन असली मुजरिम को छोड़कर किसी बेगुनाह का बली का बकरा ना बनाया जाए।

निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवनारायण निषाद ने कहा कि बांसडीह पुलिस द्वारा निषाद समाज के एक निर्दोष लड़का जो उस मामले में कुछ जानता तक नहीं, उसे बांसडीह पुलिस के द्वारा दिन के 12 बजे थाने से लाकर बड़सरी भट्ठे पर लाकर उसे भट्ठे के अंदर जाने को कहा।



जब लड़का अंदर गया तो उसके पैर में पुलिस द्वारा गोली मार दी गई। जबकि आसपास के बहुत लोगों ने यह देखा कि पुलिस अपनी गाड़ी में बैठाकर लाई है और उसे उतारकर भट्ठे के अंदर ले गई और गोली मार दी। जबकि महोदय मामला कुछ और है। सच्चाई कुछ और है उसे दबाने के लिए यह कार्य पुलिस द्वारा पैसे पर किया गया है। इस मामले की असली सच्चाई कुछ और है।

चुनाव हारा था, राजनीति नहीं: रामगोविंद

केटी न्यूज/बलिया



यूपी में निकाय चुनाव के दूसरे चरण का 11 मई को मतदान था। 13 मई को मतगणना हुई। बलिया जिला के बांसडीह विधानसभा की बात करें तो यहां चार नगर पंचायत है। मनियर, बांसडीह, सहतवार व रेवती आता है। उक्त विधानसभा की बीजेपी विधायक केतकी सिंह हैं। इसके पहले पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी विधायक रहे। राम गोविंद चौधरी ने फोन पर बताया कि चुनाव हारा था राजनीति नहीं। जिसका परिणाम सामने है।

दरअसल दोनों माननीयों की साख दांव पर लगी थी। ऐसे में मनियर, बांसडीह, सपा समर्थित सहतवार में सपा प्रत्याशी ने जीत दर्ज कराई। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी ने फोन पर मीडिया को बधाई देते हुए खुशी जाहिर की। कहा कि आठ बार विधायक रहा हूं। 9 वीं बार चुनाव में हार हुई। लेकिन बांसडीह विधानसभा की जनता के बीच हमेशा रहा हूं। जिसका परिणाम निकाय चुनाव में साफ झलक रहा है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी ने कहा इस विधानसभा में चार नगर पंचायत है। जिसमें तीन पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को जनता ने खुले दिल से वोट दिया। परिणाम स्वरूप जीत दर्ज हुआ। कारण एक ही है कि सपा हवा में बात नही करती। जमीन पर रहकर समाजवादियों ने सेवा किया है मुझे कहने में कोई गुरेज नही। मैं चुनाव जरूर हार गया था, किंतु राजनीति नही हारा जिसके कारण सब कुछ सामने है।राम गोविंद चौधरी ने कहा कि झूठ बोलकर कब तक चला जायेगा। पब्लिक है सब जानती है। बता दें कि जिले में दो नगर पालिका व 10 नगर पंचायत है। बलिया नगर पालिका पर बीजेपी का कब्जा 1995 के बाद हुआ है।

सपा विधायक जय किशुन साहू ने विवेक शम्मी पर पार्टी विरोधी कृत्यों का लगाया आरोप

कथित सपा कार्यकताओं का सामूहिक इस्तीफा देना महज एक नाटक

केटी न्यूज/गाजीपुर



नगर निकाय चुनाव 13 मई को मतगणना के बाद शांति पूर्वक संपन्न हो गया, लेकिन भाजपा की छठवीं बार हुई शानदार जीत पर विपक्षी नेता आपस में उलझ गए। नगर पालिका चुनाव में सपा से चेयरमैन पद का टिकट न मिलने के बाद ऐन निकाय चुनाव से पहले इस्तीफा देने वाले शम्मी ने प्रेस कांफ्रेंस कर जहां सपा से सदर विधायक जै किशुन साहू पर कई आरोप लगाए और 200 से ज्यादा अपने समर्थकों के द्वारा सपा से सामूहिक इस्तीफा देने का दावा भी किया, तो अब सदर विधायक जय किशुन साहू भी फ्रंट पर आ गए हैं। उन्होंने विवेक सिंह शम्मी पर उल्टा गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा से सांठ -गांठ के साथ व्यक्तिगत रूप से कई आरोप लगाते हुए कहा कि हाल में सपा से त्याग पत्र देने वाले समाजसेवी शम्मी दो बार सपा के टिकट पर चुनाव लडकर हर बार भाजपा प्रत्याशी से चुनाव हारकर सपा की नाक कटा चुके हैं।

सपा के विवेक सिंह शम्मी खुद भाजपा के एजेंट बन गए हैं और इसी आरोप के चलते उनके नाम पर कभी कोर कमेटी ने गंभीरता से सोचा भी नहीं, सपा में सिर्फ कार्यकताओं को ही किसी भी पद के लिए नियमानुसार चुना जाएगा और सपा ने सच्चे कार्यकर्ता रहे दिनेश पर आम सहमति बनाते हुए उन्हें नगरपालिका परिषद गाजीपुर में अध्यक्ष / चेयरमैन पद का प्रत्याशी बनाया था।

विवेक "शम्मी" पर लगाए गंभीर आरोप : गाजीपुर की सदर सीट से सपा विधायक जय किशुन साहू ने विवेक श्शम्मीश्र पर आरोप लगाया कि ठेके पट्टे के साथ प्रॉपर्टी का कारोबार करने के साथ ये तथाकथित समाजसेवी पीजी कॉलेज में सरकारी कर्मी भी है और सपा को चकमा देकर टिकट लेने में कामयाब हो गए थे। लेकिन इस बार पार्टी ने समर्पित कार्यकर्ता को टिकट देकर श्री सिंह को चंदा जुटाने के साथ उनके प्रॉपर्टी डीलिंग के धंधे पर भी ग्रहण लगा दिया और इन्हें लगने लगा कि अब झूठ नहीं चलेगा, तो ये जो निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी की पीठ में छुरा भोंके, वे ही अनर्गल बातें कर रहे हैं। सदर विधायक ने कहा कि जल्द ही साक्ष्य सबूतों के साथ इनके घोटालों और पार्टी विरोधी कृत्यों का खुलासा किया जाएगा।सदर विधायक ने साफ किया कि इस बार चुनाव में सपा प्रत्याशी दिनेश यादव ने पूर्व में सपा के टिकट से चुनाव लड़े विवेक श्शम्मीश्र से साढ़े तीन हजार वोट ज्यादा पाए हैं और आज जो तथाकथित सपा कार्यकर्ता बनकर लोग इस्तीफा देने का नाटक किए हैं, वे सब भाजपा के लिए काम कर रहे थे। समाजवादी पार्टी को धोखा देने का काम किए। इनकी धोखेबाजी से ही आज सपा प्रत्याशी दिनेश यादव को हार मिली है। जिससे समाजवाद शर्मसार हुआ है। दिनेश यादव धोखे के शिकार हुए हैं और ये बार - बार नहीं होगा।